प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक 19.03.2024 समय 18.30

00000

- लोकसभा चुनाव के पहले चरण की अधिसूचना कल होगी जारी–प्रदेश की 12 सीटों पर नामांकन पत्र दाखिल करने का काम होगा शुरू।

- प्रदेश में स्वीप गतिविधियों के तहत रैली, नुक्कड नाटक और प्रतियोगिताओं के माध्यम से अवश्य मतदान का दिया जा रहा हैं संदेश।

- लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी के घोषणा पत्र की मंजूरी के वास्ते नई दिल्ली में कार्य समिति की बैठक सम्पन्न–भाजपा की क्लस्टर संभाग स्तरीय बैठक जोधपुर और उदयपुर में हुई।

- राष्ट्रीय महिला आयोग और रेलवे सुरक्षा बल ने मानव तस्करी को रोकने के लिए समझौता ज्ञापन पर किये हस्ताक्षर।

000000

लोकसभा चुनाव के पहले चरण की अधिसूचना कल जारी होगी। इस चरण में 17 राज्यों और चार केंद्र शासित प्रदेशों की 102 लोकसभा सीटों पर मतदान होना है। इनमें राज्य की 12 लोकसभा सीटें श्रीगंगानगर, बीकानेर, चुरू, झुंझुनू, सीकर, जयपुर, जयपुर ग्रामीण, अलवर, भरतपुर, करौली–धौलपुर, दौसा और नागौर शामिल हैं। अधिसूचना जारी होते ही नामांकन पत्र भरने की प्रकिया शुरू हो जायेगी। 27 मार्च तक नामांकन पत्र भरे जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच का काम 28 मार्च को होगा और 30 मार्च तक प्रत्याशी अपना नाम वापस ले सकेंगे। 19 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे और मतगणना चार जून को होगी। गौरतलब है कि प्रदेश में दो चरणों में चुनाव होंगे। पहले चरण में 19 अप्रैल को और दूसरे चरण में 26 अप्रैल को वोट डाले जायेंगे।

0000

प्रदेश में मतदाता जागरूकता के लिए आयोजित की जा रही स्वीप गतिविधियों के तहत आज डूंगरपुर में निर्वाचन विभाग की ओर से चिखली पंचायत समिति के सरकारी उच्च माध्यमिक विद्यालय बडगामा में रैली निकाली गई। जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित कुमार सिंह और जिला पुलिस अधीक्षक मोनिका सेन के निर्देशन में लोगो को 26 अप्रैल को बढ़ चढ़कर मतदान करने का संदेश दिया गया। लोगो को मतदान करने की शपथ भी दिलाई गई। उधर झालावाड़ में आज वॉकेथान का आयोजन किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी अजय सिंह राठौड़ की पहल पर रैली को वहां मौजूद बुजुर्गो ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। बूंदी में स्वीप कार्यक्रम के तहत जागरूकता गतिविधियां आयोजित करने को लेकर आज बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में निर्वाचन कार्य से जुड़े अधिकारियों ने निर्देश दिए कि पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान जिन क्षेत्रों में मतदान का प्रतिशत कम रहा है, उनमें अलग–अलग तरीकों से लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया जाये और मतदान प्रतिशत बढाया जाये। श्रीगंगानगर जिले में चुनावों को लेकर भारत की अंडर–19 क्रिकेट टीम के कप्तान उदय प्रताप सहारण को यूथ आईकन बनाया गया है। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी लोकबंधु और यूथ आइकॉन सहारण सहित अन्य अधिकारियों ने आज इसके पोस्टर का विमोचन भी किया। इस अवसर पर 19 अप्रैल को मतदान दिवस पर आमजन से मतदान की अपील करते हुए श्री सहारण ने कहा कि ज्यादा से ज्यादा मतदाता लोकतंत्र के इस महापर्व में जरूर भाग लें।

-----

जोधपुर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी की अध्यक्षता में आज विभिन्न विभागों सहित विशेष योग्यजन संस्थानों के प्रतिनिधियों के साथ स्वीप गतिविधियों की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान चुनाव को लेकर विभिन्न विभागों की ओर से आगामी 30 दिवसीय कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में निर्वाचन आयोग के विभिन्न एप्स की

जानकारी दी गई। बाड़मेर ज़िले में फागलिया पंचायत समिति में ग्राम पंचायत गिड़ा के विभिन्न विद्यालयों में आज विद्यार्थियों की ओर से मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। इसके अलावा रंगोली, भाषण, मेहंदी और नारा लेखन जैसी रोचक प्रतियोगिताओं के ज़रिए मतदान करने का संदेश दिया गया। चूरू में नुकड्ड नाटकों के माध्यम से मतदान का महत्व समझाया गया। टोंक जिले के देवली उपखण्ड मुख्यालय पर आज राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय देवडावास मे विद्यार्थियों ने मानव श्रृंखला बनाकर मतदान करने का संदेश दिया। प्रधानाचार्य जय कुमार जैन ने बताया कि प्रार्थना सभा मे रोजाना विद्यार्थियों को मतदान के महत्व के बारे में बताया जा रहा है।
नागौर में निर्वाचन कार्य में उपयोग होने वाली ईवीएम–वीवीपेट का प्रथम रेंडमाइजेशन आज हुआ। ज़िला निर्वाचन अधिकारी सहित निर्वाचन से जुडे विभिन्न अधिकारियों और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में प्रथम रेण्डमाईजेशन की प्रक्रिया पूरी हुई।

**0000**

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आदर्श आचार संहिता की पालना के लिए पुलिस और प्रशासन प्रयासरत है। इसी कड़ी में भरतपुर में पुलिस द्वारा चलाये गये विशेष निर्भय अभियान में 258 बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस महानिरीक्षक राहुल प्रकाश के निर्देशन में चलाए गए अभियान में बदमाशों को पकड़ने के लिए पुलिस की 88 टीमों ने 300 स्थान पर दबिश दी और 258 असामाजिक तत्वों को पकडा। आईजी ने बताया कि यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। इधर मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीन गुप्ता ने आकाशवाणी से बातचीत में कहा कि आदर्श आचार संहिता को सख्ती से लागू करने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

**000000**

लोकसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। कांग्रेस पार्टी के घोषणापत्र को मंजूरी देने के लिए नई दिल्ली में कार्यसमिति की आज बैठक हुई। बैठक में पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, पी. चिदम्बरम, दिग्विजय सिंह, अजय माकन और के. सी. वेणुगोपाल समेत अन्य वरिष्ठ नेताओं ने भाग लिया। चुनाव में उम्मीदवारों के नाम तय करने के लिए आज पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की भी बैठक होने की संभावना है।
इधर भारतीय जनता पार्टी की कलस्टर संभाग स्तरीय बैठक आज जोधपुर में हुई। इस बैठक में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा सहित कई जनप्रतिनिधियों ने शिरकत की। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्रसिंह शेखावत, चिकित्सा मंत्री गजेंद्रसिंह खींवसर, कानून मंत्री जोगाराम पटेल सहित कई जनप्रतिनिधियों ने इस बैठक में भाग लिया।
मुख्यमंत्री ने लोकसभा चुनाव की भावी रणनीति के साथ जन प्रतिनिधियों से सभी सीटों के लिये चर्चा की। जोधपुर संभाग की सीटों को लेकर भी मंथन किया गया।
इस बैठक के बाद मुख्यमंत्री उदयपुर के लिए रवाना हुए। वहां भी वे भाजपा की कलस्टर कार्यकर्ताओं की बैठक ले रहे है। गौरतलब है कि प्रदेश में भाजपा अब तक 15 और कांग्रेस 10 सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है। शेष सीटों पर दोनों दल एक दो दिन में अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर सकते हैं।

**000000**

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आकाशवाणी समाचार जयपुर की ओर से मतदाता जागरूकता के लिये संदेश श्रृंखला चलायी जा रही है। इसमें श्रोता संदेश भेजकर मतदाताओं को वोट डालने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। श्रोता अपने संदेश रिकॉर्ड कर या टाईप कर व्हॉट्सअप नम्बर 94140–52368 पर भेज सकते हैं। चुनिन्दा संदेशों को समाचार बुलेटिनों में स्थान दिया जाएगा।

**0000**

राष्ट्रीय महिला आयोग और रेलवे सुरक्षा बल ने मानव तस्करी को रोकने और इससे निपटने के लिए नई दिल्ली में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये है। आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने बताया कि रेलवे स्टेशनों पर तैनात रेलवे सुरक्षा बल के कर्मी, महिलाओं और बच्चो के विरूद्ध होने वाले अपराध को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मानव तस्करी के 70 प्रतिशत मामले महिलाओं और बालिकाओं से जुडे हैं। रेलवे सुरक्षा बल के महानिदेशक मनोज यादव ने कहा कि इस समझौता ज्ञापन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षित यात्रा प्रदान करना

है। उन्होंने कहा कि आरपीएफ यह सुनिश्चित करेगा कि रेलवे नेटवर्क तस्करी सहित महिलाओं के विरूद्ध होने वाली किसी भी तरह की क्रूरता की अनुमति नहीं देता है।

**0000**

सीकर के खाटूश्याम जी का लक्खी मेला परवान पर है। देश विदेश से लाखों की संख्या में श्रद्धालु बाबा श्याम के दर्शन करने पहुंच रहे है। अब तक दस लाख से अधिक भक्तों ने श्याम बाबा के दर्शन किये है। कल मुख्य मेला भरेगा। इस बीच भरतपुर संभाग के डीग जिले में आज से तीन दिवसीय ब्रज होली महोत्सव का शुभारंभ हुआ । आज पहले दिन मेला मैदान में रस्साकशी, कबड्डी ,मटका फोड़, नींबू– चम्मच दौड़ सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं हुई। इसमें क्षेत्र के लोगों ने बढचढकर भाग लिया। महोत्सव के दौरान इंद्रधनुषी छटा बिखेरते हुए रंगीन फव्वारे संचालित किए गए हैं। उधर टोंक के देवली उपखण्ड मुख्यालय पर कई स्थानों पर आज फागोत्सव की धूम रही। मंदिरों मे ढोल की थाप पर भजनों की प्रस्तुतियां दी गई।

**0000**